**वित्त मंत्रालय**
**लोक उद्यम विभाग**
**मंत्रिमंडल के लिए सितम्बर, 2023 माह हेतु डीपीई का मासिक उपलब्धियां**
*********

1. **कैपेक्स लक्ष्य:**

सितम्बर, 2023 तक चुनिंदा सीपीएसईज़ (100 करोड़ रुपये और उससे अधिक के वार्षिक कैपेक्स लक्ष्य वाले) और अन्य सरकारी संगठनों के संबंध में वार्षिक कैपेक्स लक्ष्यों और इसकी उपलब्धि से संबंधित जानकारी दिनांक 5 अक्टूबर, 2023 को प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की गई थी। ₹7.33 लाख करोड़ (बजट अनुमान) के अनुमानित व्यय की तुलना में, उपलब्धि ₹3.79 लाख करोड़ (लगभग) अर्थात् दिनांक 30.09.2023 तक लगभग 51.71% थी; जबकि सितम्बर, 2022 तक की समान अवधि में अनुमानित पूंजीगत व्यय ₹2.85 लाख करोड़ अर्थात 43.03% के मुकाबले यह ₹6.62 लाख करोड़ था।

2. **सीपीएसईज़ का संचालन:**

i. शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लैंड एंड एसेट्स लिमिटेड (एससीआईएलएएल) के अनुसूची 'ख' सीपीएसई के रूप में प्रारंभिक वर्गीकरण के प्रस्ताव पर डीपीई में विचार किया गया था और इसे पीईएसबी को उनके विचार और सिफारिश के लिए भेजा गया था।

ii. सागरमाला डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के अनुसूची 'ख' सीपीएसई के रूप में प्रारंभिक वर्गीकरण के प्रस्ताव पर डीपीई में विचार किया गया था और इसे पीईएसबी को उनके विचार और सिफारिश के लिए भेजा गया था।

iii. इरकॉन लिमिटेड और राइट्स लिमिटेड को नवरत्न का दर्जा देने के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 22.09.2023 शीर्ष समिति की बैठक को आयोजित की गई थी।

iv. टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड (टीएचडीसीआईएल) में ई-9 में कार्यकारी निदेशक के बोर्ड स्तर से नीचे के तीन पदों के सृजन के लिए विद्युत मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

v. लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने एसजेवीएन में निदेशक (सिविल) और निदेशक (विद्युत) के मौजूदा पदों को निदेशक (परियोजना) के नाम के साथ एक पद में विलय करने के संबंध में विद्युत मंत्रालय के प्रस्ताव से सहमति व्यक्त की।

vi. लोक उद्यम विभाग (डीपीई) ने एनएचआईडीसीएल में बोर्ड स्तर से नीचे के 158 पदों को एक वर्ष की अवधि के लिए अर्थात् दिनांक 31.12.2023 तक तत्काल आमेलन के नियम से छूट देने के लिए सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की।

vii. लोक उद्यम चयन बोर्ड के परामर्श से इरेडा को अनुसूची "ख" से "क" में अपग्रेड किया गया था।

3. **वेतन संशोधन और वेतन अधिसूचनाएं:**

डीपीई ने बोर्ड स्तर के कार्यपालकों के लिए नियम और शर्तों को अंतिम रूप देने और वेतन निर्धारण के संबंध में दिनांक 13.09.2023 के कार्यालय ज्ञापन सं. डब्ल्यू-02/0009/2023-डीपीई (डब्ल्यूसी)-जीएल-XVII/2023 के माध्यम से एक स्पष्टीकरण जारी किया।

4. **कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):**

i. डीपीई ने स्टैंडिंग कॉन्फ्रेन्स ऑफ पब्लिक एनटर्प्राइज़ेज (स्कोप) और यूनिसेफ के सहयोग से दिनांक 25 और 26 सितंबर, 2023 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में सीपीएसईज़ - गोलमेज और प्रदर्शनी, 2023 का आयोजन किया। माननीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशनराव कराड ने सीएसआर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और सीएसआर गोलमेज सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया। सीपीएसईज़ - गोलमेज और प्रदर्शनी, 2023 में निम्नलिखित कार्यक्रम शामिल थे:

क. **दिनांक 25 और 26 सितंबर, 2023 को सीएसआर गोलमेज बैठक -** सीएसआर गोलमेज बैठक में राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप आकांक्षी जिलों में सीपीएसईज़ की सीएसआर गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसने सीएसआर पारिस्थितिकी तंत्र में सभी हितधारकों को एक मंच के तहत एक साथ लाया, जैसे सीपीएसईज़ के सीएसआर प्रमुख, आकांक्षी

जिलों के जिला कलेक्टर / मजिस्ट्रेट, नीति आयोग, सेक्टोरल मंत्रालय / विभाग (स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला और बाल विकास, खेल और कॉर्पोरेट मामले) और अग्रणी कार्यान्वियन एजेंसियां। सीएसआर गोलमेज सम्मेलन में लगभग 280 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

ख. **दिनांक 25 और 26 सितंबर, 2023 को सीएसआर प्रदर्शनी** - सीएसआर प्रदर्शनी में स्वास्थ्य और पोषण, जल स्वच्छता और सफाई, कृषि और ग्रामीण विकास, शिक्षा और साक्षरता, पर्यावरण और सतत विकास, रोजगार और कौशल विकास, खेल के विषयगत क्षेत्रों में सीपीएसईज़ की सीएसआर गतिविधियों के साथ-साथ आकांक्षी जिलों में उनकी नई सीएसआर पहलों को प्रदर्शित किया गया। 65 से अधिक सीपीएसईज़ के अलावा, कुछ कार्यान्वियन एजेंसियों और मंत्रालय/खेल, स्कूल शिक्षा और साक्षरता, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय/विभाग ने प्रदर्शनी में भाग लिया। 7 शैक्षणिक संस्थानों के 1500 से अधिक छात्रों ने प्रदर्शनी का दौरा किया।

ग. **दिनांक 25 सितंबर, 2023 को सीपीएसईज़ की सर्वोत्तम सीएसआर पद्धतियों पर कॉफी टेबल बुक (ई-बुक) का विमोचन -** सीपीएसईज़ की सर्वोत्तम सीएसआर पद्धतियों को प्रस्तुत करने वाली ई-पुस्तक स्कोप द्वारा प्रकाशित की गई थी और माननीय वित्त राज्य मंत्री डॉ भागवत किशनराव कराड ने सीएसआर गोलमेज के उद्घाटन सत्र के दौरान इसका विमोचन किया था।

ii. वर्ष 2023-24 (अगस्त, 2023 तक) के दौरान शीर्ष 30 सीएसआर व्यय करने वाले सीपीएसईज़ ने 484.10 करोड़ रुपये के सीएसआर व्यय की सूचना दी है।

5. **सीपीएसईज़ का समझौता ज्ञापन मूल्यांकन:**

वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए 100 सीपीएसईज़ के संबंध में समझौता ज्ञापनों को अंतिम रूप देने के संबंध में अंतर-मंत्रालयी समिति की बैठकें आयोजित की गईं। 79 सीपीएसईज़ के संबंध में अंतिम समझौता ज्ञापन ऑनलाइन डैशबोर्ड के माध्यम से जारी किए गए थे। इनमें से, 59 सीपीएसईज़ के समझौता ज्ञापनों पर ई-हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।

6. **समझौता ज्ञापन गोलमेज:**

**दिनांक 25 सितंबर, 2023 को समझौता ज्ञापन पर गोलमेज सम्मेलन**- समझौता ज्ञापन गोलमेज बैठक में समझौता ज्ञापन प्रणाली से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया और भाग लेने वाले सीपीएसईज़ के प्रश्नों का समाधान किया गया। गोलमेज सम्मेलन में विभिन्न सीपीएसईज़ के लगभग 75 प्रतिभागी शामिल थे।

7. **अंतर-मंत्रालयी बैठकें और सीसीईए/मंत्रिमंडल टिप्पणियां:**

i. डीपीई ने अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए परिचालित निम्नलिखित टिप्पणी/प्रस्तावों पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कीं।

क. पूर्वोत्तर समग्र क्षेत्रीय औद्योगिक दृष्टि निष्पादन योजना (श्राइव), 2022 को बदलने के लिए उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा व्यय वित्त समिति (ईएफसी) के लिए मसौदा ज्ञापन परिचालित किया गया।

ख. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत एक कंपनी को पूर्वोत्तर हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम लिमिटेड (एनईएचएचडीसी) के पुनर्गठन के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) के लिए मसौदा नोट परिचालित किया गया।

ii. दिल्ली दुग्ध योजना (डीएमएस) को बंद करने और जनहित में अन्य उद्देश्य के लिए डीएमएस की भूमि और परिसंपत्तियों के उपयोग पर पशुपालन और डेयरी विभाग के कैबिनेट नोट पर व्यय विभाग को टिप्पणियां प्रस्तुत की गई।

iii. डीपीई ने इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल) के संयुक्त उद्यम उड़ीसा ड्रग्स एंड केमिकल लिमिटेड के कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से घटाकर 58 वर्ष करने के निर्णय के पूर्वव्यापी अनुमोदन पर फार्मास्यूटिकल्स विभाग के संशोधित मसौदा कैबिनेट नोट पर अपनी टिप्पणियां प्रदान की हैं।

iv. रोड शो के फीडबैक के आधार पर राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के फोर्ज्ड व्हील प्लांट (एफडब्ल्यूपी) के रणनीतिक विनिवेश के लिए समाधान पर विचार-विमर्श के लिए 04.09.2023 को आयोजित आईएमजी की बैठकों में भाग लिया। इसके अलावा, शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के रणनीतिक विनिवेश के संबंध में शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन (एससीआईओए) के प्रतिनिधित्व पर ज्ञापन पर चर्चा करने के लिए 14.09.2023 को आयोजित आईएमजी की बैठक में भाग लिया।

8. **सीपीएसईज़ द्वारा एमएसईज़ और जीईएम के माध्यम से खरीद:**

i. वर्ष 2023-24 (सितंबर, 2023 तक) के दौरान एमएसई से सीपीएसईज़ द्वारा खरीद 36.83% थी, जबकि अनिवार्य 25% (एमएसएमई-संबंध पोर्टल के अनुसार) थी।

ii. जीईएम के माध्यम से सीपीएसईज़ द्वारा खरीद सितंबर, 2023 तक 92,926 करोड़ रुपये थी, जबकि सितंबर, 2022 में यह खरीद 36,233 करोड़ रुपये थी।

9. **क्षमता निर्माण:**

i. स्वतंत्र निदेशकों के लिए सीबीसी द्वारा तैयार किए जा रहे इंडक्शन मॉड्यूल के संबंध में दिनांक 21 सितंबर, 2023 को सीबीसी टीम के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी।

ii. आई-जीओटी पोर्टल पर डीपीई (वाईपी/वाईए सहित) के कर्मचारियों को ऑनबोर्डिंग के लिए दिनांक 27 सितंबर, 2023 को मिशन कर्मयोगी टीम के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी।

10. **एएमआरसीडी मामलों की स्थिति**:

i. अद्यतन स्थिति के अनुसार, पोर्टल पर 132 मामले रिपोर्ट/पंजीकृत किए गए हैं। वित्तीय सलाहकारों के स्तर पर 7 मामले खारिज कर दिए गए। 30 मामलों का निपटान किया गया और 67 मामले निर्णय के लिए सचिवों की समितियों के पास हैं और शेष 28 मामले संबंधित वित्तीय सलाहकारों के पास उनकी जांच और अनुमोदन के लिए हैं।

ii. **दिनांक 26 सितंबर, 2023 को एएमआरसीडी पर गोलमेज बैठक** - एएमआरसीडी गोलमेज बैठक में एएमआरसीडी तंत्र के तहत लंबित मामलों को समय पर रिपोर्ट करने और हल करने पर विचार-विमर्श किया। गोलमेज बैठक में मंत्रालयों/विभागों और सीपीएसईज़ के लगभग 60 प्रतिभागी शामिल थे, जिनके मामले वर्तमान में एएमआरसीडी तंत्र के तहत हैं।

*****